प्रेस नोट दिनांक 17.03.2025

थाना सीबीगंज जनपद बरेली ।

थाना सीबीगंज #bareillypolice द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्तों को आला कत्ल एक छुरी व दो डण्डो सहित किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 14.03.2025 को वादी श्री जाहिद अली पुत्र तौहीद अली नि0 ग्राम सरनिया थाना सीबागंज जनपद बरेली की तहरीर के आधार पर दिनांक 15.03.2025 को थाना सीबीगंज पर मु0अ0सं0 126/2025 धारा 103(1)/3(5)/191(2)/191(3)/115(2)/351(2) BNS बनाम 1.दबीर हुसैन पुत्र इरफान हुसैन 2.नाजिम 3.आजम 4.मुनाजिर 5. इकराम पुत्रगण दबीर हुसैन नि0 गण ग्राम सरनिया थाना सीबीगंज जनपद बरेली के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना सीबीगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सीबीगंज पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.03.2025 को अभि0गण 1. मुनाजिर पुत्र दबीर हुसैन 2. मौ0 आजम पुत्र दबीर हुसैन 3. मौ0 नाजिम पुत्र दबीर हुसैन सर्व निवासीगण सरनिया थाना सीबीगंज जिला बरेली को झुमका तिराहे से बिल्वा की तरफ जाने वाले बड़ा बाईपास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल अभि0 मुनाजिर से एक छुरी व अभि0गण मौ0 आजम व मौ0 नाजिम से एक एक डण्डा अभि0गण की निशादेही पर बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ-

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि हमारी बहन की शादी करीब 1.5 साल पहले जाहिद पुत्र तौहीद नि0 सरनियां थाना सीबीगंज जिला बरेली से हुई थी, शादी के 6 महीने बाद ही जाहिद व जाहिद के परिवार वालो ने हमारी बहन को मारपीट कर घर से निकाल दिया था, जिसके संबंध में एक वर्ष पहले मेरे पिताजी के द्वारा जाहिद व उसके परिवार वालो के खिलाफ थाना सीबीगंज पर दहेज का मुकदमा पंजीकृत कराया था, जिसका मुकदमा नं0 75/24 है। दिनांक 26.02.25 को हमारी बहन दवाई लेने के लिए जा रही थी तो भूरी पत्नी तौहीद व उसकी पुत्रियों के द्वारा गुलनाज के साथ मारपीट की जिसके संबंध में दिनांक 02.03.25 को मेरे पिता के द्वारा मुकदमा लिखाया था जिसका मुकदमा नं0 100/25 है।

दिनांक 14.03.2025 को मुनाजिर मस्जिद के सामने कादिर शाह के घर के सामने बैठा हुआ था वहाँ पर जाहिद व तौहीद व अन्य लोग आये और मुनाजिर के साथ मारपीट करने लगे। हमें पता चलने पर हम लोग भी अपने

घर से छुरी व डण्डे लेकर आ गये, और तौहीद व जाहिद के साथ मारपीट करने लगे। मुनाजिर ने तौहीद के छुरी मार दी तथा हमने डण्डो से वार किये जिससे तौहीद वहाँ पर गिर गया और हम लोग वहाँ से भाग गये। छुरी व डण्डे हमने गाँव से निकलने के बाद एक जगह भट्टे के पास खड़ी झाड़ियो मे छिपा दिये थे, जिन्हे हम चलकर बरामद करा सकते हैं। मेरे पिता दवीर हुसैन दिनांक 12.03.25 से अपने पैतृक गाँव ग्राम मुड़िया जागीर थाना देवरनियां जिला बरेली में अपने दोस्त हाजी नन्हे एडवानी के यहाँ पर थे, तथा वहाँ चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं आप उन्हे जाकर देख सकते हो तथा छोटा भाई इकराम जो गाड़ी पर हेल्परी करता है, वह गाड़ी चालक शेखू पुत्र अनजान शाह नि0 सरनियां थाना सीबीगंज बरेली के साथ गाड़ी लेकर बिहार गया हुआ था, उसका मो0नं0 7071412423 है, जिसमें घटना के वक्त रिचार्ज नही था जिसको हमने कल दिनांक 15.03.25 की सुबह रिचार्ज कराया है। हमारे पिता दवीर व भाई इकराम का नाम झूंठा लिखवा दिया है, ये घटना में शामिल नहीं थे।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>

1. मौ0 नाजिम पुत्र दबीर हुसैन नि0 सरनियां थाना सीबीगंज जनपद बरेली
2. मौ0 आजम पुत्र दबीर हुसैन नि0 सरनियां थाना सीबीगंज जनपद बरेली
3. मुनाजिर पुत्र दबीर हुसैन नि0 सरनियां थाना सीबीगंज जनपद बरेली

<u>बरामदगी-</u>

1. घटना मे प्रयुक्त एक छुरी (आला कत्ल)
2. 2 डण्डे (आला कत्ल)
3. दो जोड़ी चप्पल (घटनास्थल से बरामद)

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

1. मु0अ0सं0 126/2025 धारा 103(1)/3(5)/191(2)/191(3)/115(2)/351(2) BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सीबीगंज बरेली।

<u>पुलिस टीमः-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
2. व0उ0नि0 श्री सुदेश पाल सिंह कुमार थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
3. उ0नि0 श्री धर्मवीर सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली
4. हे0का0 953 रूपेन्द्र कुमार थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
5. का0 3331 अंशुल तोमर थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
6. का0 608 इमरान थाना सीबीगंज जनपद बरेली।